


# खेल ढाबा

पटना, शनिवार, 02 सितम्बर, 2023, ई-पेपर

RNI NUMBER APPLIED







कैरोलीन वोज्नियाकी और इगा स्विएटेक आगे बढ़ीं पेज 03

आशु के नेतृत्व में बिहार फुटबॉल टीम घोषित पेज 02

यूपी टी20 लीग में कानपुर व नोएडा की टीमें जीतीं पेज 03

आनंद की 37 साल की बादशाहत खत्म, डी गुकेश बने इंडिया के नंबर वन चेस प्लेयर पेज 03


# 4 साल बाद भारत-पाकिस्तान वनडे मुकाबला

**संक्षिप्त खबरें**

## पूरे देश को रमेशबाबू प्रगनानंद पर गर्व हैः अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर भारत का नाम रोशन करने वाले शतरंज ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रगनानंद से मुलाकात की। इस दौरान 18 साल के ग्रैंडमास्टर के माता-पिता भी मौजूद थे। ठाकुर ने प्रग्गनानंद और उनके माता-पिता को हिमाचली रीति-रिवाज के अनुसार सम्मानित किया। उन्होने प्रग्गनानंद को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा, '' प्रग्गनानंद में बहुत कम उम्र में अद्भुत प्रतिभा है जिसके कारण उन्होंने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। हम उन्हें उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं।'' उन्होने कहा '' हाल के दिनों में खेल के क्षेत्र में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है। आज भारतीय खिलाड़ी सभी प्रतियोगिताओं में हर जगह अपना परचम लहरा रहे हैं। आने वाले दिनों में भारत खेल महाशक्ति बनकर उभरेगा।''

## पेरिस ओलंपिक में खिताब बचाने की चुनौतीः चोपड़ा

**नई दिल्ली।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को कहा कि वह अगले साल पेरिस में अपना ओलंपिक स्वर्ण पदक और 2025 में अपना विश्व चैंपियनशिप खिताब बरकरार रखने की हर संभव कोशिश करेंगे। जब चोपड़ा से पूछा गया कि क्या वह चेक गणराज्य के एथलीट जॉन जेलेज्नी की उपलब्धि हासिल कर सकते हैं जिनके नाम तीन ओलंपिक और तीन विश्व चैंपियनशिप खिताब हैं। इस पर चोपड़ा ने कहा, 'मैं प्रेरित बना रहता हूं और खेल पर फोकस बनाए रखता हूं तो कुछ भी हो सकता है। मुझे अपने खिताब की रक्षा के लिए जितनी मेहनत करनी होगी, मैं करूंगा।' जेलेज्नी भालाफेंक एथलीट नीरज के आदर्श भी हैं। जेलेज्नी ने 1992, 1996 और 2000 में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। वहीं, 1993, 1995 और 2001 में विश्व चैंपियनशिप खिताब अपने किए थे। नीरज ने कहा, 'तोक्यो में पहला ओलंपिक खिताब जीतना बड़ी चुनौती थी और अब इसका बचाव करना इससे भी बड़ी चुनौती होगी। हर एथलीट अपनी पूरी तैयारी के साथ आएगा और कोई कसर नहीं छोड़ेगा। मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण चीज खुद को चोट से बचाने की होगी।

**पालेकल (श्रीलंका), 1 सितंबर**

भारत और पाकिस्तान की टीमें शनिवार को एशिया कप क्रिकेट में आमने सामने होंगी तो यह विश्व कप के ड्रेस रिहर्सल की तरह रहेगा जिसमें विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज बल्लेबाजों का सामना हारिस रऊफ और शाहीन शाह अफरीदी की अगुवाई में पाकिस्तान के धुरंधर तेज आक्रमण से होगा।

## एशिया कप 50 ओवरों के प्रारूप में हो रहा

एशिया कप 50 ओवरों के प्रारूप में हो रहा है जो अक्टूबर नवंबर में भारत में होने वाले वर्ल्ड कप में भाग ले रही टीमों की तैयारी के लिये अहम होगा। वहीं आयोजकों और क्रिकेटप्रेमियों के लिये भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला सब मुकाबलों से बढकर रहता आया है। भारतीय क्रिकेटप्रेमियों को आज भी पिछले साल ळ20 वर्ल्ड कप में मेलबर्न में रऊफ की गेंद पर कोहली का शानदार शॉट याद होगा। वहीं पाकिस्तानी प्रशंसक भी भूले नहीं होंगे जब शाहीन की तेज रफ्तार गेंदों का सामना करने में नाकाम रहे रोहित पगबाधा आउट हो गए थे।

## शनिवार को बारिश का पूर्वानुमान जताया

इस तरह के प्रदर्शन ही खिलाड़ियों को लीजैंड बनाते हैं और एशिया कप में दोनों टीमों के सितारों के पास अपने अपने देश में लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचने का एक और मौका होगा। वैसे मौसम विभाग ने शनिवार को बारिश का पूर्वानुमान जताया है जिससे दोनों टीमों के प्रशंसकों की उम्मीदों पर पानी फिरने की भी आशंका है। भारतीय खेमा दुआ कर रहा होगा कि विराट, रोहित और शुभमन गिल की तिकड़ी रऊफ, शाहीन और नसीम शाह का डटकर सामना कर सके।मौसम को देखते हुए पावरप्ले में पाकिस्तानी तिकड़ी खतरनाक साबित हो सकती है।

## दोनों टीमों में मध्यक्रम को लेकर असमंजस

दोनों टीमों के मध्यक्रम को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति है। पहले दो मैचों से बाहर हुए केएल राहुल की गैर मौजूदगी ने भारत की परेशानियां बढा दी है। ऐसे में विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को मध्यक्रम में उतारा जा सकता है लेकिन चौथे और पांचवें नंबर को लेकर अभी कुछ तय नहीं है। किशन ने कभी पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी नहीं की है और मध्यक्रम में उसका औसत 22.75 ही है।

## पाकिस्तान टीम फिटनेस से चिंतित नहीं

दूसरी ओर पाकिस्तान टीम में कोई फिटनेस समस्या नहीं है लेकिन वनडे में खिलाड़ियों में पास अनुभव नहीं है। वर्ल्ड कप 2019 के बाद से पाकिस्तान ने सिर्फ 29 वनडे खेले जबकि भारत ने 57 मैच खेले हैं। पाकिस्तान ने 29 में से 12 मैच इसी साल खेले। उसके शीर्ष तीन बल्लेबाज बाबर आजम (689 रन), फखर जमां (593 रन) और इमामुल हक (361 रन) ने लगातार रन बनाये हैं। उसामा मीर, सऊद शकील और आगा सलमान हालांकि लगातार अच्छा खेलने में नाकाम रहे हैं।

सातवें नंबर के बल्लेबाज इफ्तिखार अहमद और आठवें नंबर पर उतरने वाले शादाब खान पर अक्सर रनगति बढाने की जिम्मेदारी आती रही है। इफ्तिखार ने नेपाल के खिलाफ शतक भी जमाया जबकि पिछले सप्ताह शादाब ने अफगानिस्तान के खिलाफ 48 रन बनाये। मध्यक्रम को लेकर भारत और पाकिस्तान की स्थिति कमोबेश समान है।

## बुमराह-प्रसिद्ध की वापसी से फायद

गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा की वापसी से भारतीय आक्रमण मजबूत हुआ है। दोनों ने आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में काफी गेंदबाजी की लेकिन देखना होगा कि 50 ओवरों के प्रारूप में वह कैसा खेलते हैं। ऐसे में मोहम्मद शमी को तरजीह दी जा सकती है। पाकिस्तान के शाहीन, नसीम और रऊफ मिलकर इस साल 49 विकेट ले चुके हैं।



## अगर बारिश हुई तो क्या हो सकता

एशिया कप 2023 में भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को खेला जाना है। मुकाबले का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। वहीं इस बीच मौसम को लेकर अनुमान लगाया जा रहा है कि वह खेल में खलल डाल सकती है। पालेकल के मौसम विभाग रिपोर्ट के मुताबिक भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले के दौरान बारिश हो सकती है। ऐसे में भारत और पाकिस्तान के मैच का इंतजार रहे फैंस का मजा किरकिरा हो सकता है। हालांकि इसकी पूरी कोशिश की जाएगी कि मैच पूरा ही कराया जाए, लेकिन अगर बारिश के कारण बाधा उत्पन्न होती है तो फिर कैसे दोनों टीमों के बीच मुकाबले का नतीजा कैसे निकाला जाएगा। कम से कम कितने ओवर का खेल जरूरी होगा और कब ऊछ्र का नियम लागू होगा। आइए जानते हैं सबकुछ।

## यह है मौसम का अनुमान?

भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले मुकाबले के दौरान मौसम को लेकर अनुमान है कि आसमान में बादल छाए रहेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक 10 मिलीमीटर बारिश होने की संभावना जताई गई है। वहीं इस संभावना 60 से 80 प्रतिशत तक है। ऐसे में हो सकता है कि बारिश के कारण मैच रद्द ना लेकिन ओवर में कटौती जरूर की जा सकती है।

## नतीजे के लिए इतने ओवर का खेल जरूरी?

बारिश से प्रभावित वनडे मुकाबले में नतीजे के लिए कम से कम 20-20 ओवर का खेल जरूरी है। अगर इससे कम का खेल होता है तो फिर इसे रद्द कर दिया जाता है। वहीं अगर बारिश रुक-रुक कर होती और खेल को बीच में शुरू किया जाता है तो फिर डकवर्थ लुईस नियम को लागू किया जाता और मैच का रिजल्ट निकाला जाता है। उदाहरण के तौर के पर अगर पाकिस्तान पहले बैटिंग करते 300 रन बनाती और टीम इंडिया लक्ष्य का पीछा करते हुए तेज शुरुआत करती और 15 ओवर 100 रन बना देती। इस



दौरान अगर बारिश के कारण खेल रुक जाता है और फिर कुछ देर के बाद खेल शुरु किया जाता है। ऐसे में फिर टीम को बचे हुए विकेट के आधार पर संधोशित लक्ष्य दिया जाएगा।

## अगर रद्द हुआ मैच तो..

एशिया कप 2023 में अगर भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला बारिश कारण रद्द हो जाता है और एक भी गेंद नहीं फेंकी जाती है तो दोनों ही टीमों को एक-एक अंक दिया जाएगा। अगर ऐसा होता है तो पाकिस्तान को इसका फायदा होगा और वह सुपर-4 में पहुंच जाएगी। ऐसे में टीम इंडिया को अपने ग्रुप मैच में फिर नेपाल को हर हाल में हराना होगा।

Weather in Kandy for Ind vs Pak

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11 am | 81° | Thunderstorms | 69% | WSW 7 mph |
| 12 pm | 81° | Thunderstorms | 77% | WSW 8 mph |
| 1 pm | 80° | Scattered Thunderstorms | 55% | WSW 8 mph |
| 2 pm | 80° | Scattered Thunderstorms | 55% | WSW 7 mph |
| 3 pm | 79° | Scattered Thunderstorms | 59% | WSW 8 mph |
| 4 pm | 78° | Scattered Thunderstorms | 46% | WSW 8 mph |
| 5 pm | 76° | Mostly Cloudy | 23% | W 8 mph |
| 6 pm | 75° | Mostly Cloudy | 19% | W 8 mph |
| 7 pm | 75° | Mostly Cloudy | 20% | WSW 8 mph |
| 8 pm | 75° | Mostly Cloudy | 20% | W 7 mph |
| 9 pm | 74° | Mostly Cloudy | 22% | WSW 7 mph |
| 10 pm | 74° | Mostly Cloudy | 20% | WSW 7 mph |
| 11 pm | 74° | Mostly Cloudy | 20% | WSW 7 mph |

## क्या कहता है आंकड़ा

### भारत पर भारी पाकिस्तान का पलड़ा

वनडे क्रिकेट में हेड टू हेड की बात करें तो यहां पाकिस्तान का पलड़ा भारत पर भारी है। 1978 में भारत और पाकिस्तान के बीच पहला वनडे हुआ था। आखिरी मुकाबला 2019 वर्ल्ड कप में हुआ। इस बीच दोनों टीमें 132 वनडे मुकाबला खेली हैं। इसमें भारत को 55 जीत मिली है। पाकिस्तान ने 73 मैचों को अपने नाम किया। 4 मुकाबलों का नतीजा नहीं निकला।

### एशिया कप में भारत आगे

एशिया कप की बात करें तो यहां भारत पाकिस्तान पर हावी नजर आता है। टूर्नामेंट में पहली बार 1984 में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला हुआ था। दोनों टीमों के बीच एशिया कप के वनडे फॉर्मेट में 13 मुकाबला खेले गए हैं। टीम इंडिया को इसमें 7 जीत मिली है वहीं पाकिस्तान ने 5 मैच जीते हैं। एक मुकाबला बेनतीजा रहा। इस दौरान कई करीबी मुकाबले हुए हैं। भारत के पास कुल 7 एशिया कप ट्रॉफी है वहीं पाकिस्तान सिर्फ दो बार टूर्नामेंट को अपने नाम कर पाया है।

### भारत और पाकिस्तान के आखिरी 5 वनडे

| साल | नतीजा | अंतर | टूर्नामेंट |
|---|---|---|---|
| 2017 | भारत जीता | 124 रन | चैंपियंस ट्रॉफी |
| 2017 | पाकिस्तान जीता | 180 रन | चैंपियंस ट्रॉफी |
| 2018 | भारत जीता | 8 विकेट | एशिया कप |
| 2018 | भारत जीता | 9 विकेट | एशिया कप |
| 2019 | भारत जीता | 89 रन | वर्ल्ड कप |

### कांटें की टक्कर की उम्मीद

भारत और पाकिस्तान के पिछले 5 वनडे मुकाबले एकतरफा रहे हैं। लेकिन फैंस को उम्मीद है कि एशिया कप में कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। पिछले साल एशिया कप टी20 और टी20 वर्ल्ड कप में दोनों टीमों की तीन बार भिड़ंत हुई थी। तीनों मैच आखिरी ओवर तक गए हैं। फैंस को एक बार फिर कुछ ऐसे ही रोमांच की उम्मीद रहेगी।

एशिया कप क्रिकेट की खबर पेज-4 पर



**बनाया रिकॉर्ड** महेंद्र सिंह धौनी की फैन भारतीय मूल की माहिका गौर ने रचा इतिहास

# 18 साल की उम्र में दो देशों के लिए खेलने वाली बनीं पहली महिला क्रिकेटर





महिका गौर पहले यूएई के लिए टी20 मैच खेल चुकी हैं। अब उन्होंने इंग्लैंड के लिए अपने करियर की शुरुआत की है। महज 18 साल की उम्र में महिका क्रिकेट जगत में अपनी पहचान बना ली है। 12 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली क्रिकेटर माहिका गौर ने शुक्रवार को दूसरी बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण कर इतिहास रच दिया। पहले यूएई की लिए खेलने वाली माहिका ने अब इंग्लैंड के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की है। श्रीलंका के खिलाफ टी20 मैच में माहिका ने चमारी अटापट्टू को विकेटकीपर के हाथों कैच कराया। हालांकि, बारिश से बाधित मैच में वह अपना पूरा रंग नहीं दिखा सकीं, लेकिन अंत के ओवरों में भी उन्होंने अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया। अगर बारिश ने खेल में खलल नहीं डाला होता, तो महिका को और अधिक विकेट मिल सकते थे।

माहिका गौर 2 देशों के लिए अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच खेलने वालीं 5वीं महिला खिलाड़ी बनी हैं। इससे पहले सिर्फ 12 साल की उम्र में उन्होंने वअए के लिए अपना टी-20 डेब्यू किया था।

## यूएई के लिए खेल चुकी हैं 19 टी-20 मुकाबले

माहिका साल 2019 से 2022 तक यूएई महिला क्रिकेट टीम का हिस्सा रहीं थी और उस टीम के लिए उन्होंने 19 मैच खेले हैं। माहिका ने अब तक 20 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेल लिए हैं और 32.00 की औसत से 10 विकेट लेने में कामयाब रही हैं।

## अंडर-19 विश्व कप में भी खेला

उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/21 विकेट का रहा है। माहिका दक्षिण अफ्रीका में पहली बार खेले गए अंडर-19 महिला विश्व कप में यूएई की टीम का हिस्सा थी। उस दौरान उन्होंने 2 विकेट झटके थे।

## आईपीएल के कारण पेशेवर क्रिकेटर बनी माहिका

माहिका का जन्म इंग्लैंड के दक्षिण में बसे एक शहर रीडिंग में हुआ था। उन्होंने साल 2011 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का एक मुकाबला देखकर पेशेवर क्रिकेट खिलाड़ी बनने का फैसला किया था। इस मुकाबले में दिग्गज लेग स्पिनर शेन वॉर्न भी खेल रहे थे।

## परिवार दुबई गया तो वहां से खेलने लगी

माहिका का परिवार इंग्लैंड से दुबई चला गया था। वहीं उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की आकादमी में दाखिला लिया था। यहीं से तेज गेंदबाज बनने की उनकी शुरुआत हुई थी।

## ये महिला खिलाड़ी टी-20 में 2 देशों के लिए खेलीं

माहिका के अलावा किम गार्थ (आयरलैंड, ऑस्ट्रेलिया), दीपिका रसंगिका (श्रीलंका, बहरीन) चमानी सेनेविरत्ने (श्रीलंका, वअए) और बर्नडाइन बेजुइडनहॉट (दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड) 2 देशों के लिए टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी हैं। 16 पुरुष खिलाड़ी भी 2 देशों के लिए टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं।

## माहिका बगीचे में करती थीं गेंदबाजी का अभ्यास

माहिका ने कुछ दिन पहले एक इंटरव्यू में कहा था, मैं बगीचे में गेंदबाजी का अभ्यास करती थी। मेरे पिता इस बात से आश्चर्यचकित थे कि मैं हाथ घूमा कर गेंद को इतने अच्छे से कैसे फेंक ले रही हूं। कॉलेज में वह बाएं हाथ के गेंदबाज थे, लेकिन उन्हें कभी क्रिकेट खेलने का मौका नहीं मिला था। जब उन्होंने मुझे देखा और उन्हें लगा कि मेरे अंदर क्षमता है तो वह हमेशा मेरे साथ रहे और मेरा साथ दिया।

## ये खिलाड़ी हैं माहिका के आदर्श

महिका महेंद्र सिंह धौनी और मिचेल स्टार्क को अपना आदर्श मानती हैं।




## संक्षिप्त खबरें

### रांची में मीडिया कप वॉलीबॉल 2023 2 सितंबर से

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय स्थित दोनों वॉलीबॉल मैदान में 2 और 3 सितंबर को मीडिया कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। शनिवार को प्रतियोगिता का उद्घाटन सुबह 7.45 बजे पूर्व खिलाड़ी व खेल प्रशासक रमाशंकर सिंह, अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रशिक्षक राजेश कुमार सिंह और झारखंड वॉलीबॉल संघ के शेतांक सेन प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। प्रतियोगिता में टीम रेड, टीम येलो, टीम ब्लू और टीम ग्रीन में शामिल 62 पत्रकार वॉलीबॉल की प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। राउंड रॉबिन लीग सह नॉकआउट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को सुबह 9 बजे से खेला जाएगा। समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड पुलिस भवन निर्माण निगम के डीजी प्रशांत सिंह और रांची विवि के कुलपति होंगे।

### मधुबनी जिला क्रिकेट क्लबों व खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन 5 सितम्बर से

**मधुबनी।** मधुबनी जिला क्रिकेट संचालन समिति की एक बैठक 29 अगस्त मंगलवार को अध्यक्ष ओंकार नाथ झा की अध्यक्षता में उनके निजी आवास लहेरियागंज मधुबनी में हुई। बैठक में पिछले सत्र 2022-23 में हुए आय- व्यय व्योरा प्रस्तुत किया गया जिसे समिति द्वारा पास कर दिया गया। अध्यक्ष ओंकार नाथ झा ने कहा कि बैठक में नये सत्र 2023-24 में क्लबों और खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन 5 सितम्बर से 20 सितम्बर तक होगा। नये सत्र 2023-24 में जिला लीग क्रिकेट प्रतियोगिता दो चरणों सीनियर डिवीजन और जूनियर डिवीजन में होगी जो छठ पर्व के बाद 26 नवम्बर से जिला के दो मैदानों पर शुरू होगी।

### बॉल बैडमिंटन : राज्यस्तरीय उत्कृष्ट सेवा सम्मान समारोह 3 सितंबर को पटना में

**पटना।** बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में शिक्षा,खेल व समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा/कार्य के लिए राज्यस्तरीय ''उत्कृष्ट सेवा सम्मान समारोह'' का आयोजन 3 सितम्बर को होटल मैत्रेया इन,बोरिंग रोड,पटना में किया जायेगा। इस बात की जानकारी देते हुए बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष-सह-सदस्य,बिहार विधान परिषद प्रो.नवल किशोर यादव ने बताया कि शिक्षक दिवस के पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले इस प्रतिष्ठित ''उत्कृष्ट सेवा सम्मान समारोह'' में पटना सहित राज्य के सभी जिलों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राचार्य, प्राचार्या,प्राध्यापक,शिक्षक,शिक्षिका व समाजसेवियों को सम्मानित किया जायेगा।

# आशु के नेतृत्व में बिहार फुटबॉल टीम घोषित

**पंजाब में आयोजित होने वाली सबजूनियर बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए घोषित हुई है टीम**

**समस्तीपुर के एकलव्य सेंटर में अभ्यास करती है आशु कुमारी**

**पटना, 1 सितम्बर**

पंजाब के अमृतसर में आगामी 4 से 13 सितंबर को आयोजित होने वाली हीरो सब जूनियर नेशनल बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए बिहार की 22 सदस्यीय टीम की घोषणा समस्तीपुर एकलव्य केंद्र की आशु कुमारी के नेतृत्व में बिहार टीम की घोषणा कर दी गई है। यह जानकारी बिहार फुटबॉल संघ के सचिव सैयद इम्तियाज हुसैन ने दी।

श्री इम्तियाज हुसैन ने बताया कि मानसी (खगड़िया) में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के लिए विभिन्न जिलों से 35 खिलाड़ियों का चयन किया गया था जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाली 22 खिलाड़ियों की बिहार टीम की घोषणा की गई। बिहार ग्रुप डी में पंजाब, मिजोरम, उत्तराखंड की टीमों के साथ अपना पहला मैच 4 सितंबर को पंजाब के विरोध खेलेगी। टीम की मुख्य कोच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं सी लाइसेंस अंशा सिंह होंगी। टीम मैनेजर बेबी कुमारी, फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर लक्ष्मी कुमारी एवं टीम इंचार्ज सह कोच असगर हुसैन बनाए गए।




### टीम इस प्रकार है

आशु कुमारी (कप्तान), सबिता कुमारी,सानिया कुमारी, सोनिया मुर्मू, नैना कुमारी, सुमन कुमारी,अंजलि कुमारी, अराधना कुमारी, रिया कुमारी, साक्षी पटेल, नाज परवीन, वैभवी राज सिंह, अंशू कुमारी, खुशबू कुमारी, सोहनी कुमारी, रिया राज, सारिका कुमारी, पायल कुमारी, सोनाली कुमारी, चांदनी कुमारी, जानकी कुमारी,राधिका कुमारी।

### पटना जिला सॉफ्टबॉल टीम का चयन 4 सितम्बर को

**पटना।** सोनपुर में आगामी 8 सितंबर से शुरू हो रही 21वीं सब जूनियर बालक-बालिका साफ्टबॉल चैंपियनशिप के लिए सॉफ्टबॉल एसोसिएशन ऑफ पटना टीम का सेलेक्शन ट्रायल चार सितंबर को बालडविन एकेडमी (बाईपास स्थित धवलपुरा साउथ बेगमपुर पटना-9 में आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी सॉफ्टबॉल एसोसिएशन ऑफ पटना के संयुक्त सचिव ज्ञान रंजन ने दी।

उन्होंने बताया कि इस ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिनका जन्म 1 जनवरी 2009 के बाद हुआ है। ट्रायल के लिए खिलाड़ियों को जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, स्कूल आई-डी कार्ड आदि के साथ मौजूद होना होगा। तभी खिलाड़ियों को ट्रायल में भाग लेने दिया जाएगा। इस ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की उम्र 15 साल से कम होना चाहिए। इस ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों को 21वीं सब जूनियर बालक-बालिका साफ्टबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिलेगा। 4 सितंबर को ही बालक और बालिका का ट्रायल लिया जाएगा। उसके बाद टीम का ऐलान किया जाएगा। चयनकर्ता के भूमिका में राष्ट्रीय खिलाड़ी विजय कुमार, हर्ष रंजन और संध्या कुमारी मौजूद रहेंगी। इनके द्वारा ही खिलाड़ियों की अंतिम लिस्ट जारी की जाएगी।

## जामताड़ा में कबड्डी तकनीकी पदाधिकारियों का वर्कशॉप शुरू



**जामताड़ा, 1 सितम्बर**

कबड्डी एसोसिएशन ऑफ़ झारखंड के तत्वावधान में तीन दिवसीय झारखंड स्टेट रिफ्रेश कबड्डी तकनीकी अधिकारी का वर्कशॉप शुक्रवार को जामताड़ा जिला कबड्डी संघ की मेजबानी में शुरू हुआ। यह वर्कशॉप तीन दिवसीय इस वर्कशॉप का आयोजन किया गया है।

इस वर्कशॉप में मुख्य अतिथि के रूप में इंटरनेशनल कबड्डी कोच के. जगमोहन के द्वारा तकनीकी जानकारी दी जायेगी। इस वर्कशॉप में झारखंड राज्य के सभी जिलों से 170 कबड्डी के तकनीकी अधिकारी आए हुए हैं।

मौके पर नगर पंचायत जामताड़ा के पूर्व अध्यक्ष सह भाजपा नेता वीरेंद्र मंडल, कबड्डी एसोसिएशन आफ झारखंड के अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, कबड्डी एसोसिएशन आफ झारखंड के महासचिव विपिन कुमार सिंह, कबड्डी एसोसिएशन आफ झारखंड के कबड्डी कोच तेज नारायण माधव, जामताड़ा जिला कबड्डी संघ के सचिव रोहित कुमार, अरविंद ओझा, आसिफ, गौरांगौ, रोहित ओझा, राहुल आदि उपस्थित थे।

## धनबाद क्रिकेट संघ का 15 दिवसीय ट्रेनिंग कैंप शुरू

**विधायक पूर्णिमा सिंह ने कहा- नेहरू स्टेडियम में आधुनिक ड्रेसिंग रूम बनवाना पहली प्राथमिकता**

**धनबाद, 1 सितम्बर**

जियलगोड़ा स्टेडियम का जीर्णोद्धार एवं सुसज्जित ड्रेसिंग रूम का निर्माण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उक्त बातें विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने डीसीए कैंप 2023 के उद्घाटन समारोह में कहा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अपने लक्ष्य के प्रति साफ दृष्टिकोण और लगन होनी चाहिए।

साथ यह भी कहा कि सफलता के लिए कोई शॉर्टकट रास्ता ही नहीं अपनाना चाहिए। मेहनत और ईमानदारी हो तो आप लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से महेंद्र सिंह धौनी ने झारखंड का नाम विश्व मानचित्र में अंकित किया है इस तरह आप भी अपने राज्य व देश का नाम रोशन करें। कैंप के आयोजन के लिए उन्होंने धनबाद क्रिकेट एसोसिएशन की भूरी-भूरी प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि मुझे आशा है कि खिलाड़ी इस शिविर का फायदा उठाएंगे औरजो तकनीकी त्रुटियां हैं उसे अपने कोच के माध्यम से दूर करेंगे।

मुझे आशा है कि आने वाले समय में यहाँ के खिलाड़ी भी धनबाद का नाम खेल के माध्यम से रोशन करेंगे। डीसीए के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि संघ खिलाड़ियों के लिए हर समय हर तरह तैयार है । उन्होंने कहा कि समय-समय पर इस तरह का कैंप का आयोजन किया जाएगा ताकि खिलाड़ी अपनी तकनीकी खामियां दूर कर सकें। इससे पहले डीसीए के पूर्व महासचिव और जेएससीए कार्यकारिणी समिति के सदस्य विनय सिंह ने कैंप के महत्व पर प्रकाश डाला और अतिथियों के स्वागत किया। कैंप में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने आए पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी संजय रंजन सिंहा ने भी खिलाड़ियों से कहा कि वह इस कैंप का फायदा उठाएं और जिन्हें भी कोई कठिनाई और परेशानी हो वह खुद उनसे मिले और अपने परेशानी बताएं।




सत्य प्रकाश कृष्ण ने भी संघ की प्रशंसा करते हुए कहा कि डीसीए के इतिहास में यह पहला मौका है जब उसने इस तरह का कैंप लगाया है। जिओ सिनेमा में भोजपुरी कमेंट्री कर रहे हैं सत्य प्रकाश ने भोजपुरी भाषा में भाषण देकर लोगों का मन मोह लिया। इसके बाद संघ के अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि पूर्णिमा नीरज सिंह को मोमेंटो देकर सम्मानित किया, जबकि विभिन्न सदस्यों ने कैंप में प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों का सम्मान किया । इस कैंप में अंडर 14 अंदर 16 अंडर 19 और सीनियर टीम के खिलाड़ियों के अलावा महिला खिलाड़ी भी भाग ले रही है जिन्हें 15 दोनों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर डीसीए के महासचिव उत्तम विश्वास संयुक्त सचिव बीएच खान, देवन तिवारी, ललित जगनानी, सुनील कुमार, रत्नेश सिंह, अरविंद महथा,असित सहाय, रितम डे ,किशानु चक्रवर्ती, ठाकुर आनीतेश सिंह,महफूज आलम,उमेश श्रीवास्तव,मनोज कुमार सिंह ,महेश गोराई सहित कई लोग मौजूद थे।

## संजय सिन्हा मेमोरियल कबड्डी 6 सितंबर को



**पटना।** बिहार राज्य कबड्डी संघ के तत्वावधान में आगामी 6 सितंबर को एक दिवसीय संजय सिन्हा मेमोरियल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन देव कबड्डी एकेडमी, फतुहा में किया जायेगा। यह जानकारी बिहार राज्य कबड्डी संघ के सचिव कुमार विजय सिंह ने दी।

गौरतलब है कि स्व. संजय सिन्हा बिहार राज्य कबड्डी संघ के गठन के समय से जुड़े थे और वे संघ में उपाध्यक्ष के पद पर थे। स्व. संजय सिन्हा महिला विश्व कप में भारतीय टीम के मैनेजर भी थे। 6 सितंबर को उनकी पहली पुण्य तिथि है।

श्री विजय ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग की चार टीमें हिस्सा लेंगी। उन्होंने कहा कि विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी के साथ व्यक्तिगत पुरस्कार दिये जायेंगे। खिलाड़ियों के रहने व ठहरने की व्यवस्था आयोजन स्थल पर ही की गई है।



## तीरंदाज दीप्ति को सांसद संजय सेठ ने दिया धनुष

**रांची, 1 सितम्बर**

कभी राष्ट्रीय स्तर पर तीरंदाजी में अपनी गहरी छाप छोड़ने वाली दीप्ति कुमारी को अंततः आज सांसद संजय सेठ की पहल पर 5 लाख का धनुष मिल गया। लगभग एक वर्ष पूर्व तीरंदाजी के एक अभ्यास के क्रम में दीप्ति का धनुष टूट गया था। दीप्ति का वह धनुष इनकी मां ने 7 लाख रूपए कर्ज लेकर खरीदा था। आर्थिक अभाव को देखते हुए दीप्ति ने अरगोड़ा चौक पर चाय बेचना शुरू किया। अपनी पूरी समस्या को दीप्ति ने सांसद संजय सेठ से मिलकर बताया।

सांसद ने इस पर गंभीरता पूर्वक पहल की और केंद्रीय कोयला मंत्री श्री प्रहलाद जोशी जी से बात की। सांसद ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया की बिटिया को धनुष दिया जाए ताकि राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिटिया और बेहतर तरीके से अपना प्रदर्शन कर सके।

इससे पूर्व दीप्ति ने राष्ट्रीय स्तर पर 12 गोल्ड, 7 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल जीते। वर्तमान समय में दीप्ति तीरंदाजी का अभ्यास भी कर रही है। धनुष के अभाव में दीप्ति का अभ्यास बहुत बुरी तरह से प्रभावित हुआ। सांसद की पहल पर सीसीएल ने अपने सीएसआर मद से दीप्ति को ?5 लाख की कीमत का धनुष प्रदान किया। आज वह धनुष सांसद श्री सेठ ने दीप्ति कुमारी को सौंपा।

दीप्ति ने सांसद की तारीफ करते हुए कहा कि सांसद महोदय की तरफ से उन्हें रक्षाबंधन का उपहार मिल गया। उन्होंने सोचा भी नहीं था कि कोई आकर उन्हें 5 लाख रुपए का धनुष दिलवा देगा परंतु अब सांसद महोदय ने धनुष के साथ हौसला भी दिया है। एक बार फिर से वह तीरंदाजी के क्षेत्र में देश और दुनिया में झारखंड का नाम रोशन करेंगी।

सांसद संजय सेठ ने कहा कि दीप्ति की प्रतिभा, पूर्व के प्रदर्शन और जरूरत को देखते हुए उन्होंने उसे 5 लाख का यह धनुष दिलवाया है। उन्हें विश्वास है कि तीरंदाजी के क्षेत्र में दीप्ति उम्दा प्रदर्शन करेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी खुद खेल और खिलाड़ियों को लेकर सदैव ही चिंतित रहते हैं। इनका प्रदर्शन बेहतर हो इसके लिए खुद से खिलाड़ियों से संवाद करते हैं। इनका हौसला बढ़ाते हैं। निश्चित रूप से दीप्ति भी तीरंदाजी के क्षेत्र का वह तीर बनेगी, जो हर बाधाओं को तोड़कर, झारखंड का नाम विश्व पटेल पर रोशन करेगी। सांसद में दीप्ति को बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी।



### सीनियर नेशनल के लिए बिहार लगोरी टीम का कैंप 3 सितंबर से बेगूसराय में



**बेगूसराय।** हरियाणा के रेवाड़ी में आगामी 8 से10 सितंबर तक एमेच्योर लगोरी फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा 10वीं सीनियर लगोरी नेशनल चैंपियनशिप आयोजित की जायेगी। इसमें भाग लेने वाली बिहार टीम का 3 दिवसीय आवासीय कैंप आगामी 3 से 5 सितंबर 2023 को विकास विद्यालय डुमरी,बेगूसराय में आयोजित की जा रही है। टीम के चयनित खिलाड़ी 2 सितंबर की संध्या 4 बजे तक रिपोर्ट करेंगे। किसी भी तरह के जानकारी के लिए कोच शिवम कुमार से संपर्क कर सकते हैं। चयनित बिहार टीम की सूची इस प्रकार से हैं:- पुरुष टीम :- रोहन राज,अजय कुमार,दीपक कुमार सेंगर (खगड़िया) नीरज कुमार, प्रिंस कुमार,सुराजी कुमार (शेखपुरा) श्याम कुमार (जमुई) शिवम कुमार,जितेंद्र कुमार,सुमित कुमार, शिवम कुमार २,राहुल कुमार,मुन्ना कुमार, ऋषभ कुमार,और भोला कुमार (बेगूसराय) टीम कोचः- अमित कुमार ठाकुर,शिक्षक,उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, पुरीख,सत्तरकटैया,(सहरसा)। महिला टीम :- कविता कुमारी,आर्या कुमारी (सहरसा) ज्योति कुमारी (सारण) मोनी कुमारी, रोशनी कुमारी (शेखपुरा) सुबुल कुमारी,साक्षी कुमारी,भाग्यश्री राणा,राजश्री राणा,सुमन कुमारी,शालू कुमारी,शिवानी कुमारी,संजना कुमारी,चांदनी कुमारी,सपना कुमारी (बेगूसराय) टीम कोच :- रंधीर कुमार (शारीरिक शिक्षक,अयोध्या उच्च विद्यालय (ज्ञान भारती) बेगूसराय।

## एसटीसी लचरागढ़ टीम का सिमडेगा जिला हॉकी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन



**सिमडेगा, 1 सितम्बर**

हॉकी सिमडेगा द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त से एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित 18वीं मेजर ध्यानचंद सीनियर सिमडेगा जिला हॉकी चैंपियनशिप 2023 महिला और पुरुष में महिला वर्ग में आज चौथे दिन कुल 04 मैच खेले गए। आज का पहला मैच में एसटीसी सिमडेगा और एसटी सी लचरागढ ए टीम के बीच गोल रहित बराबरी रहा। दूसरा मैच में एस एस बालिका उच्च विद्यालय सिमडेगा ने एसटीसी लचरागढ़ बी को 2-1 से पराजित किया। तीसरा मैच सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा और के वी एस सिमडेगा के बीच गोल रहित बराबरी पर रहा तथा चौथा मैच में एसटीसी लचरागढ़ बी ने यूसी इंटर कॉलेज सिमडेगा को 1-0 से पराजित किया। आज के मैच में सिमडेगा कॉलेज के पूर्व गोलकीपर बिनोद कुल्लू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारम्भ कराया। आज के आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से हॉकी सिमडेगा के मनोज कोनबेगी,सुनील तिर्की, पंखरासियुस टोप्पो, कमलेश्वर मांझी, बसंत बा, एलशन किड़ो,वेद प्रकाश,अनु राहुल मिंज,प्रतिमा तिर्की, करिश्का परवार, सुजीत एक्का,,रोहित बेसरा,सुमित बरवा,इत्यादि की प्रमुख भूमिका रही। कल भी महिला वर्ग का 02 मैच और पुरुष वर्ग का 02 मैच होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बॉक्सिंग : बिहार के राजीव कुमार सिंह होंगे पर्यवेक्षक

**पटना।** बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ बिहार के सचिव राजीव कुमार सिंह को बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा राजस्थान बॉक्सिंग एसोसिएशन के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इस संबंध में फेडरेशन के द्वारा राजीव कुमार सिंह को पत्र के द्वारा सूचना दी गई है। 2 सितंबर को राजस्थान बॉक्सिंग एसोसिएशन की आमसभा की बैठक अजमेर के होटल दत्ता इन में आयोजित की गई है।
स्विट्जरलैंड में नीरज चोपड़ा के तैयारी शिविर को मंत्रालय की मंजूरी मिली

### स्विट्जरलैंड में नीरज चोपड़ा के तैयारी शिविर को मंत्रालय की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैम्पियन नीरज चोपड़ा के स्विट्जरलैंड में तैयारी शिविर को शुक्रवार को मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) से मंजूरी मिल गई। एमओसी ने इसके साथ अन्य खिलाड़ियों के लिए भी वित्तीय मंजूरी की घोषणा की। चोपड़ा इस महीने के अंत में अमेरिका के यूजीन में होने वाले डायमंड लीग फाइनल से पहले स्विट्जरलैंड के मैगलिंगन में 12 दिवसीय ट्रेनिंग शिविर में भाग लेंगे। विज्ञप्ति के अनुसार एक से 12 सितंबर तक आयोजित होने वाले शिविर के लिए कुल 5.89 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं।
दिव्या देशमुख ने बढ़त मजबूत की

### दिव्या देशमुख ने बढ़त मजबूत की

**कोलकाता।** भारतीय खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने शुक्रवार को यहां टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दिन अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सभी तीनों राउंड जीतकर अपनी बढ़त मजबूत की। दिव्या के 5.5 अंक हैं। मौजूदा विश्व चैम्पियन जु वेंजुम चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर चल रही हैं जबकि पोलिना शुवालोवा के 3.5 अंक हैं। दिव्या ने अंतरराष्ट्रीय मास्टर वंतिका अग्रवाल को हराकर तीसरी बाजी जीती। महिला ग्रैंडमास्टर एम कोनेरू हम्पी ने जीएम निनो बातसियाश्विली के खिलाफ पहली जीत हासिल की। महिला जीएम हरिका द्रोणावल्ली ने वेंजुम के खिलाफ बाजी ड्रा खेली। जीएम इरिना क्रुश ने भी शुवालोवा से अंक बांटे।
जयंत यादव मिडलसेक्स के लिए काउंटी मैच खेलेंगे

### जयंत यादव मिडलसेक्स के लिए काउंटी मैच खेलेंगे

**लंदन।** भारतीय स्पिनर जयंत यादव ने मौजूदा काउंटी चैम्पियनशिप मिडलसेक्स से सत्र के आखिरी चार मैच खेलने के लिए शुक्रवार को अनुबंध किया। क्लब ने यहां जारी बयान में कहा कि जयंत इस सप्ताह के अंत में एसेक्स के खिलाफ मिडलसेक्स के आगामी मैच में चयन के लिए उपलब्ध होंगे। इस बयान के मुताबिक, ''दिल्ली में जन्मे दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर इस सप्ताह के अंत में मिडलसेक्स में शामिल होंगे।

### चयन में 'ड्रामे' के कारण खिलाड़ियों की दिलचस्पी कम

**नई दिल्ली।** शशि कुमार मुकुंद पहली बार बहु-खेल स्पर्धा में भारतीय टीम का हिस्सा बनने को लेकर उत्साहित थे लेकिन एशियाई खेलों की टीम में उनके चयन को लेकर बनी ऊहापोह की स्थिति के कारण इन खेलों का हिस्सा बनने में उनकी 'दिलचस्पी' खत्म हो गयी है। मुकुंद एशियाई खेलों के लिए अखिल भारतीय टेनिस संघ द्वारा चुने गए एकल खिलाड़ियों में से एक थे, लेकिन खेल मंत्रालय ने उनके नाम को मंजूरी नहीं दी क्योंकि वह एशियाई क्षेत्र में शीर्ष-आठ खिलाड़ी होने के चयन मानदंडों को पूरा नहीं करते थे।

### भारत ने अंडर-23 फुटबॉल एशियाई कप क्वालीफायर टीम घोषित की

**नईदिल्ली।** भारत की अंडर-23 पुरुष टीम के मुख्य कोच क्लाइफोर्ड मिरांडा ने शुक्रवार को अंडर-23 एशियाई कप कतर 2024 क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। अंडर-23 एशियाई कप कतर 2024 क्वालीफायर छह से 12 सितंबर तक चीन के डालियान में खेला जायेगा।
टीम की अगुआई स्ट्राइकर शिवशक्ति नारायणन करेंगे। भारत पहली बार एएफसी अंडर-23 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेगा जिसके लिए उसका सामना ग्रुप जी में मालदीव (छह सितंबर), मेजबान चीन (नौ सितंबर) और संयुक्त अरब अमीरात (12 सितंबर) से होगा। मुख्य टूर्नामेंट के लिए 11 ग्रुप विजेता और चार सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम क्वालीफाई करेंगी।
**भारतीय टीम :**
गोलकीपरः रितिक तिवारी, प्रभसुखन सिंह गिल, अर्श अनवर शेख। डिफेंडरः नरेंद्र गहलोत, होर्मिपम रुइवा, विकास युमनाम, संजीव स्टालिन, सुमित राठी, जितेंद्र सिंह, अब्दुल रबीह। मिडफील्डरः थोइबा सिंह मोइरांगथेम, लालरिनलियाना हनामटे, जितेश्वर सिंह युमखैबम, आयुष देव छेत्री, विबिन मोहनन, ब्रिसन देउबेन फर्नांडिस, अमरजीत सिंह कियाम।
फॉरवर्डः सौरव के, पार्थिब गोगोई, रोहित दानू, निन्थोइंगनबा मीतेई खुमानथेम, शिवशक्ति नारायणन (कप्तान), सुहैल अहमद भट। मुख्य कोचः क्लिफोर्ड मिरांडा।

# ज्यूरिख डायमंड लीग में नीरज चोपड़ा नहीं जीत पाए गोल्ड

**ज्यूरिख, 1 सितम्बर**

ओलंपिक चैंपियन और मौजूदा विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को जैवलिन थ्रो में 85.71 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ ज्यूरिख डायमंड लीग चैंपियनशिप 2023 में दूसरा स्थान हासिल किया।

चेक गणराज्य के जैकब वाडलेच ने 85.86 मीटर के साथ पहला स्थान हासिल किया जबकि जर्मनी के जूलियन वेबर 85.04 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। नीरज चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.94 मीटर है, जो एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है।


इस परिणाम के साथ ही 2023 सीजन में नीरज चोपड़ा का लगातार जीत हासिल करने का सिलसिला भी समाप्त हो गया। ज्यूरिख प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से पहले, भारतीय भाला फेंक एथलीट ने दोहा और लुसाने में डायमंड लीग चरण में जीत हासिल की थी। इसके अलावा उन्होंने बुडापेस्ट में हुए विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी ऐतिहासिक स्वर्ण पदक अपने नाम किया था।

नीरज चोपड़ा ने ज्यूरिख में 80.79 मीटर के थ्रो के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत की, लेकिन उनका दूसरा और तीसरा प्रयास फाउल हो गया। पहले राउंड में एडिस माटुसेविसियस के अलावा कोई अन्य भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा से अधिक दूरी तय नहीं कर सका, जिन्होंने 81.62 मीटर का थ्रो करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया।

विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता जैकब वाडलेच के अलावा वेबर जूलियन का भी पहला थ्रो फाउल रहा। हालांकि, दूसरे प्रयास में वेबर जूलियन (84.75 मीटर) ने शानदार वापसी की और पहला स्थान हासिल किया। उनके अलावा जैकब वाडलेच (83.46 मीटर) और ओलिवर हेलांडर (81.63 मीटर) ने भी बेहतरीन वापसी की।

तीन प्रयासों के बाद नीरज चोपड़ा 80.79 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे जबकि वेबर जूलियन पहले और जैकब वाडलेच दूसरे स्थान पर रहे। पांचवें प्रयास में फाउल करने से पहले, नीरज चोपड़ा ने चौथे राउंड में ज्यूरिख मीट का सर्वश्रेष्ठ थ्रो (85.22 मीटर) करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। जैकब वाडलेच ने चौथे प्रयास में किए गए 85.86 मीटर की थ्रो की बदौलत पहला स्थान हासिल किया।

डायमंड लीग सीरीज के प्रत्येक चरण में प्रतिस्पर्धा के लिए एथलीटों को पदक के बजाय अंक दिए जाते हैं। सभी चरणों के अंत में प्रत्येक स्पर्धा में शीर्ष छह एथलीट सितंबर में यूजीन में डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे। ज्यूरिख प्रतियोगिता में नीरज चोपड़ा ने पहले ही फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी।




## 7.99 मी की छलांग के साथ मुरली श्रीशंकर फाइनल में

**ज्यूरिख 1 सितम्बर**

भारतीय लॉन्ग जंपर मुरली श्रीशंकर ने 7.99 मीटर की छलांग के साथ डायमंड लीग 2023 में पांचवा स्थान हासिल किया। उन्होंने अपने पहले प्रयास में ही 7.99 मीटर की छलांग लगाई। इसके साथ ही उन्होंने डायमंड लीग के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। दूसरे और चौथे राउंड में श्रीशंकर ने 7.96 मीटर की छलांग लगाई जबकि उनका तीसरा प्रयास फाउल रहा। पांचवें राउंड में भारतीय एथलीट ने 7.93 मीटर की दूरी हासिल की।

ज्ञातव्य है कि मुरली श्रीशंकर का लॉन्ग जंप में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड 8.41 मीटर है, जिसे उन्होंने इसी साल 18 जून को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में हासिल किया था।

ज्यूरिख डायमंड लीग 2023 में पुरुषों की लम्बी कूद में वर्ल्ड चैंपियन मिल्टियाडिस टेंटोग्लू ने अपने अंतिम प्रयास में 8.20 मीटर की छलांग के साथ पहला स्थान हासिल किया। जमैका के ताजय गेल ने दूसरा स्थान हासिल करने के लिए 8.06 मीटर की छलांग लगाई। जारियन लॉसन ने 7.86 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर कब्ज़ा किया।



# टियाफो-टॉमी पॉल यूएस ओपन के चौथे दौर में

## यूएस ओपन पुरुष वर्ग

**न्यूयॉर्क , 1 सितम्बर**

दसवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी फ्रांसिस टियाफो ने फ्रांस के 22वें नंबर के एड्रियन मन्नारिनो को 4-6, 6-2, 6-3, 7-6 से हराकर लगातार चौथे साल यूएस ओपन के चौथे दौर में प्रवेश कर लिया है। पिछले साल सेमीफाइनल में राफेल नडाल को हराने वाले टियाफो ने कहा कि उनका पूरा सीजन फ्लशिंग मीडोज पर केंद्रित है।

टियाफो ने मैच के बाद अपने साक्षात्कार में कहा, ₹गर्मी अप्रासंगिक है। ईमानदारी से कहूं तो यह सब इस टूर्नामेंट की वजह से है। एक अन्य अमेरिकी, 14वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने स्पेन के 21वें नंबर के एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-1, 6-0, 3-6, 6-3 से हराकर पहली बार चौथे दौर में पहुंचे। पॉल ने मैच समाप्त करने के लिए अपने 15 ऐस में से आखिरी ऐस लगाया।

इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पॉल ने कहा, ₹मुझे ऐसा लगा जैसे मैंने बहुत बेहतर सर्विस की, नेट पर आया और फुल-कोर्ट टेनिस खेला। पॉल का अगला मुकाबला 20 वर्षीय अमेरिकी बेन शेल्टन से होगा, जिन्होंने इस साल के ऑस्ट्रेलियाई क्वार्टर फाइनल में प्रदर्शन के बाद अपने दूसरे ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंचने के लिए रूसी असलान करातसेव को 6-4, 3-6, 6-2, 6-0 से हराया। नंबर 2 सीड नोवाक जोकोविच रात में आर्थर ऐश स्टेडियम में साथी सर्बियाई लास्लो जेरे, नंबर 32 सीड के खिलाफ एक्शन में होंगे। जोकोविच अपने 24वें ग्रैंड स्लैम खिताब का पीछा कर रहे हैं और ड्रॉ के आधे हिस्से में तीन उच्च वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों - नंबर 4 होल्गर रूण, नंबर 5 कैस्पर रूड और नंबर 7 स्टेफानोस सितसिपास के जाने से उनका रास्ता साफ हो सकता है।

### यूएस ओपन की महिला युगल चैम्पियन दूसरे दौर में हार गईं

**न्यूयॉर्क।** शीर्ष वरीयता प्राप्त टीम और मौजूदा यूएस ओपन महिला युगल चैंपियन बारबोरा क्रेजिसिकोवा और कतेरीना सिनियाकोवा की जोड़ी शुक्रवार को दूसरे दौर में टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। वे साथी चेक खिलाड़ी मार्केटा वोंद्रोसोवा, विंबलडन एकल चैंपियन और बारबोरा स्ट्राइकोवा से 6-2, 6-3 से हार गए, जिन्होंने ऑल इंग्लैंड क्लब में युगल खिताब जीता था। क्रेजिसिकोवा और सिनियाकोवा ने पिछले साल फ्लशिंग मीडोज में अपनी जीत के साथ करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया। इसने प्रमुख टूर्नामेंटों में एक प्रमुख सीज़न हासिल किया, जिसमें उन्होंने खेले गए सभी तीन मैच जीते। क्रेजिसिकोवा के कोविड के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद वे अपने 2021 फ्रेंच ओपन खिताब का बचाव करने में असमर्थ रहे।



# आनंद की 37 साल की बादशाहत खत्म, डी गुकेश बने इंडिया के नंबर वन चेस प्लेयर

**चेन्नई, 1 सितम्बर**

ग्रैंडमास्टर डी गुकेश तीन दशक से अधिक समय के बाद महान विश्वनाथन आनंद की जगह भारत के शीर्ष शतरंज खिलाड़ी बन गये हैं। आनंद जुलाई 1986 से भारत के नंबर एक रहे हैं।

चेन्नई का 17 वर्षीय यह ग्रैंडमास्टर बाकू में फिडे विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मैग्नस कार्लसन से हार गया था। वह रैंकिंग में आनंद से आगे निकलकर विश्व में आठवें नंबर पर पहुंच गए। गुकेश पहली बार रेटिंग सूची के शीर्ष 10 में शामिल हुए।

फिडे की एक सितंबर की रैंकिंग के मुताबिक गुकेश के नाम 2758 रेटिंग अंक है जबकि आनंद 2754 रेटिंग अंक के साथ नौवें स्थान पर है। गुकेश ने एक अगस्त की रैंकिंग सूची के मुताबिक तीन स्थान का सुधार किया है। विश्व कप के फाइनल में मैग्नस कार्लसन से हार का सामना करने वाले एक अन्य युवा भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा 2727 रेटिंग अंक के साथ इस सूची में 19वें स्थान पर पहुंच गये है। वह गुकेश और आनंद के बाद भारत के तीसरे सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं। इस रैंकिंग में शीर्ष 30 में पांच भारतीय है। विदित संतोष गुजराती 27वें और अर्जुन ऐरिगेसी 29वें स्थान पर है। अनुभवी पी हरिकृष्णा 31वें पायदान पर है। गुकेश ने बाकू में विश्व कप के दौरान फिडे की लाइव विश्व रैंकिंग में अपने आदर्श और गुरु आनंद को पीछे छोड़ा था। आनंद एक जुलाई, 1986 से भारत के शीर्ष खिलाड़ी है। वह 37 वर्षों से अधिक समय तक इस स्थान पर रहे। गुकेश और प्रज्ञानानंदा भारत की एशियाई खेलों की टीम का हिस्सा है। यह दोनों खिलाड़ी कोलकाता में अभ्यास शिविर में भाग लेने के बाद पांच सितंबर से शुरू होने वाले टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे।



# कैरोलीन वोज्नियाकी और इगा स्विएटेक आगे बढ़ीं

## यूएस ओपन महिला वर्ग

**न्यूयॉर्क, 1 सितम्बर**

कैरोलिन वोज्नियाकी शुक्रवार को अमेरिका की जेनिफर ब्रैडी पर 4-6, 6-3, 6-1 से हरा कर यूएस ओपन में अपनी वापसी की। जीत के बाद डेनमार्क की 33 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी मुट्ठियां ऊपर उठाईं और स्टैंड में अपने पति की ओर देखा, जब उन्होंने सेवानिवृत्ति के साढ़े तीन साल बाद अपने तीसरे टूर्नामेंट में फ्लशिंग मीडोज में 16वें राउंड में प्रवेश करने के लिए मैच खतम किया।

उन्होंने मैच के बाद अपने साक्षात्कार में कहा, यहां आर्थर ऐश स्टेडियम में आप सभी के समर्थन के साथ मौजूद रहना एक सपने के सच होने जैसा है। इस बीच, शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्विएटेक अपने करीबी दोस्त काजा जुवान के खिलाफ पीछे नहीं हटीं और स्लोवेनियाई क्वालीफायर को केवल 49 मिनट में 6-0, 6-1 से हरा दिया।

वोज्नियाकी ने कहा कि वह तब तक इस बारे में सोचना शुरू नहीं करेगी जब तक वह घर नहीं जाती और अपनी 2 साल की बेटी के साथ जश्न नहीं मनाती। ओलिविया, और 10 महीने का बेटा, जेम्स। पूर्व विश्व नंबर 1 और 2018 ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन ने वोज्नियाकी ने पारिवारिक जीवन के कारण 2020 की शुरुआत में खेल छोड़ दिया और बाद में टीवी विश्लेषक के रूप में काम करने में समय बिताया। अब वह 623वें स्थान पर हैं, उन्हें यूएस ओपन के मुख्य ड्रॉ में शामिल होने के लिए वाइल्ड कार्ड की आवश्यकता थी और उनका कहना है कि उनके पास अभी भी गहरी दौड़ लगाने के लिए आवश्यक चीजें हैं।

28 वर्षीय ब्रैडी, 2021 ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनलिस्ट, चोटों के कारण दौरे से दो साल दूर रहने के बाद खेल में वापसी कर रही हैं, जिसमें उनके दाहिने घुटने में फ्रैक्चर और बाएं पैर में चोट शामिल है। दो बार के यूएस ओपन फाइनलिस्ट वोज्नियाकी ने पहला सेट गंवा दिया और दूसरे सेट में 2-0 से पिछड़ गईं और अंतिम 14 गेम में से 12 जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। यह 2018 फ्रेंच ओपन के बाद किसी बड़े टूर्नामेंट के दूसरे सप्ताह में उनकी पहली यात्रा होगी और 2016 में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद पहली बार यूएस ओपन में दूसरे सप्ताह में प्रवेश करेगी। शुरुआती ब्रेक लेने के बाद, शुरुआती सेट का निर्णय तब हुआ जब वोज्नियाकी, 4-5 पर सर्विस कर रही थी और सेट को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही थी, उसने अचानक खुद को 0-40 के होल में पाया और अपने रैकेट को बार-बार कोर्ट पर मारकर अपनी निराशा व्यक्त की। दूसरे सेट में ब्रेक के बाद 2-0 से पिछड़ने के बाद वोज्नियाकी गहरी परेशानी में दिखीं, लेकिन उन्होंने दूसरा सेट आसानी से जीत लिया और तीसरे सेट में 5-0 की बढ़त बना ली।



# यूपी टी20 लीग में कानपुर व नोएडा की टीमें जीतीं

**कानपुर, 1 सितम्बर**

ग्रीनपार्क स्टेडियम मेंयूपीसीए की ओर से आईपीएल की तर्ज पर आयोजित यूपी टी-20 लीग में शुक्रवार को खेला गया  का पहला मुकाबला रोमांचक रहा। जहां समीर ने 59 गेंदों पर 122 रनों की पारी खेलकर मेरठ की टीम कोहरा दिया।

टॉस जीतकर कानपुर सुपर स्टार की टीम नेगेंदबाजी चुनी। हालांकि, मेरठ मेवरिक्स की ओर सेशोएब सिद्दकी ने जहां 22 गेंदो पर 29 रनों की पारी खेली तो वहीं टीम ने पहले 10 ओवरों में एक विकेट पर 92 रन बना लिए. इसके बाद कप्तान माधव कौशिक महज 12 रन बनाकर आउट हो गए। फिर क्रीज पर स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह आए। उन्होंने स्वास्तिक के साथ मिलकर मैदान के चारों ओर शॉट्स लगातेहुए टीम का स्कोर 185 रन तक पहुंचा दिया। 24 गेंदों पर 42 रन बनाकर रिंकू सिंह आउट हो गए, तो दूसरी ओर स्वास्तिक अपनेचिर-परिचित अंदाज में बैटिंग करते रहे। उन्होंने यूपी टी-20 लीग का पहला शतक अपने नाम कर लिया। ऐसे में मेरठ की टीम नेनिर्धारित 20 ओवरों में 204 रनों का विशालकाय स्कोर बनाया। स्वास्तिक 57 गेंदों पर 100 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, लक्ष्य का पीछा करने उतरी कानपुर की टीम को पहला झटका शून्य के स्कोर पर ही लगा। टीम के बल्लेबाज राहुल बिना खाता खोलेही पवैलियन लौट गए. हालांकि, फिर क्रीज पर आए समीर रिजवी नेस्टेडियम के सभी कोनों तक चौकों व छक्कों की बारिश से मौजूद दर्शकों का दिल जीता। समीर रिजवी का साथ बल्लेबाज अंश नेदिया और वह 39 गेंदों पर 48 रन बनाकर आउट हुए। जब तक क्रीज पर अंश व समीर रिजवी खेल रहेथे, तब तक कानपुर की टीम जीत की पटकथा लिख चुकी थी। इसके बाद सेट बल्लेबाज समीर रिजवी का साथ टीम के कप्तान अक्षदीप नाथ ने दिया और उन्होंने नाबाद रहते हुए 14 गेदों पर 25 रनों की पारी खेली। इसी बीच समीर रिजवी ने भी महज 50 गेंदों में 100 रन बनाकर अपना शतक पूरा किया। फिर, वह 59 गेंदों पर 122 रन बनाकर आउट हो गए। फिर बैटिंग करने उतरेसंदीप तोमर ने छक्का जड़तेहुए कानपुर की टीम को जीत दिला दी।

### नोएडा सुपर किंग्स ने गोरखपुर लायंस को 43 रन से हरा दिया

कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले गए इस मैच में पहले खेलते हुए नोएडा सुपर किंग्स ने 20 ओवरों में 5 विकेट पर 182 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जवाब में गोरखपुर लायंस की टीम 7 विकेट पर 139 रन ही बना सकी। नोएडा के लिए आदित्य शर्मा ने सर्वाधिक 70 रन बनाए जबकि कप्तान नीतीश राणा ने गेंदबाजी में हाथ दिखाते हुए महज 9 रन देकर गोरखपुर के 2 विकेट झटके। यूपी टी20 लीग में ये नोएडा सुपर किंग्स की लगातार दूसरी जीत है, अपने पहले मैच में नोएडा ने कानपुर सुपरस्टार्स को हराया था। वहीं गोरखपुर लायंस की ये लगातार दूसरी हार, इससे पहले उसे सुपर ओवर तक चले मुकाबले में लखनऊ फाल्कन्स ने मात दी थी। नोएडा सुपर किंग्स ने गोरखपुर लायंस के खिलाफ पहले खेलते हुए 20 ओवरों में 5 विकेट पर 182 रन का विशाल स्कोर बनाया। नोएडा की शुरुआत हालांकि खराब रही और उसने 44 रन तक अपने 3 विकेट गंवा दिए थे लेकिन आदित्य शर्मा (43 गेंदों में 70 रन) ने पहले समर्थ सिंह (45) के साथ चौथे विकेट के लिए 38 रन जोड़ते हुए नोएडा की पारी को जमाया। आदित्य ने फिर प्रशांत वीर (24 गेंदों में 40 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 98 रन जोड़ते हुए नोएडा का स्कोर 20 ओवर में 182/5 तक पहुंचा दिया। गोरखपुर लायंस की ओर से ध्रुव प्रताप सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे और उन्होंने 25 रन देकर 3 विकेट झटके। 183 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोरखपुर लायंस की टीम कभी भी लक्ष्य को हासिल करती नहीं नजर आई और 36 रन तक उसकी आधी टीम पविलियन लौट चुकी थी। छठे विकेट की साझेदारी में यशवर्धन सिंह (43) और शिवम शर्मा (57) ने 78 रन की जोरदार साझेदारी करते हुए गोरखपुर का स्कोर 100 के पार पहुंचाया। लेकिन ये जोड़ी टूटते ही मैच गोरखपुर के हाथ से निकल गया और वो 20 ओवर में 7 विकेट पर 139 रन ही बना सकी। नोएडा के लिए कप्तान नीतीश राणा ने गेंदबाजी में कमाल करते हुए 2 ओवर में 9 रन देकर 2 विकेट लिए जबकि नमन तिवारी ने 2 विकेट के लिए 46 रन खर्च किए।



# पाक के तेज आक्रमण के खिलाफ करेंगे अपने अनुभव का इस्तेमाल

पालेकल (श्रीलंका), 1 सितम्बर

भारतीय क्रिकेट कप्तान रोहित शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि उनके बल्लेबाजों को शनिवार को यहां बहुप्रतीक्षित एशिया कप मुकाबले में पाकिस्तान की दमदार तेज गेंदबाजी तिकड़ी का मुकाबला करने के लिए अपने अनुभव पर भरोसा करना होगा।

रोहित और विराट कोहली की अगुवाई वाला भारतीय बल्लेबाजी क्रम जब यहां के पालेकल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शाहीन अफरीदी, नसीम शाह और हारिस रऊफ जैसे काबिल गेंदबाजों का सामना करेगा तो यह एक रोमांचक प्रतियोगिता होगी।

### हमारे गेंदबाज भी कौशल से भरे

रोहित ने मैच पूर्व संध्या पर इस बारे में पूछे जाने पर कहा कि नेट सत्र में शाहीन, नसीम और रऊफ हमें बल्लेबाजी अभ्यास नहीं कराते है। हमारे पास जो गेंदबाज हैं उनसे हम अभ्यास करते हैं। वे सभी कौशल से भरे हुए गेंदबाज हैं। हमें उनके खिलाफ बस अपने अनुभव का उपयोग करना होगा।

### फिटनेस पर रोहित का जवाब-यहां फिटनेस टेस्ट नहीं


टूर्नामेंट शुरू होने के बाद भी भारतीय टीम कुछ फिटनेस समस्याओं से गुजर रही है। लोकेश राहुल चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं जबकि जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा और श्रेयस अय्यर एकदिवसीय टीम में लंबे समय के बाद वापसी कर रहे है। रोहित से जब टीम की फिटनेस के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि किसी भी तरह से यह (एशिया कप 2023) फिटनेस टेस्ट नहीं है। यह टूर्नामेंट शीर्ष छह एशियाई टीमों के बीच खेला जाता है। यह एक बहुत बड़ा टूर्नामेंट है। उन्होंने कहा कि फिटनेस टेस्ट, फिटनेस कैंप यह सब बेंगलुरु में किया गया था। अब, हमें आगे बढ़ना होगा और अपने प्रतिद्वंद्वी का सामना करना होगा और देखना होगा कि हम इस (टूर्नामेंट) में क्या हासिल कर सकते हैं।

### चयन में कई खिलाड़ियों की दावेदारी अच्छी

भारत लंबे समय के बाद अपनी पूर्ण टीम के साथ मैदान में उतरेगा। टीम को हालांकि राहुल और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ियों की कमी खलेगी। रोहित ने कहा कि एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट के लिए चयन में कई खिलाड़ियों का होना अच्छा है। उन्होंने कहा कि चयन को लेकर सिरदर्द न होने के बजाय शायद मुझे इस तरह का सिरदर्द होगा। इस तरह के टूर्नामेंट में चयन के लिए खिलाड़ियों का शानदार समूह होना हमेशा अच्छा होता है।

### प्लेइंग इलेवन बनाना काफी चुनौतीपूर्ण

भारतीय कप्तान ने कहा कि हमारे लिए अंतिम 11 का चयन करना काफी चुनौतीपूर्ण काम होने वाला है। मैं हालांकि यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि हमें चोट की कोई चिंता नहीं हो और यह हमारे लिए आगे बढ़ने के लिए एक अच्छा संकेत होगा। रोहित ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए भारत के संयोजन के बारे में ज्यादा खुलासा नहीं किया। उन्होंने कहा कि टीम मैच से पहले हर विभाग की कमी को पूरा करेगी।



### हमारे बल्लेबाजों में अनुभव की कमी नहीं

हमने बांग्लादेश बनाम श्रीलंका का मैच देखा। इसमें थोड़ी स्विंग, थोड़ा स्पिन, सब कुछ देखने को मिला।'' उन्होंने कहा कि बल्लेबाजों के लिए यह हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। हमारे बल्लेबाजों के पास अनुभव की कमी नहीं है। मैं उस अनुभव को आने दूंगा और उसके अनुसार खेलूंगा।

### यह टी20 मैच नहीं, यहां लंबी पारी खेलनी होगी

रोहित ने कहा कि बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियों के मुताबिक खेलना अहम होगा। उन्होंने कहा कि यह टी20 मैच नहीं है ऐसे में हमें लंबी पारी खेलनी होगी। हम चाहते है कि आक्रामकता बनाये रखते हुए हर खिलाड़ी अपना नैसर्गिक खेल खेले। हमारे कई खिलाड़ियों को इन परिस्थितियों में खेलने का अनुभव है। उन्होंने कहा कि उन्हें हमारी योजना के बारे में पता है। उन्हें पता है कि जब हम किसी मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खेलते है तो किस मानसिकता के साथ मैदान पर जाना होता है।

### नीरज चोपड़ा ने टीम इंडिया को दिया संदेश



ओलंपिक चैंपियन और हाल ही में विश्व चैंपियन बने नीरज चोपड़ा ने एशिया कप 2023 में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले रोहित शर्मा एंड कंपनी के लिए एक विशेष संदेश दिया है। ज्यूरिख डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहने वाले नीरज चोपड़ा ने टूर्नामेंट के दौरान रेवस्पोर्ट्ज़ से बात की और टीम को पाकिस्तान के खिलाफ महामुकाबले से पहले अपनी शुभकामनाएं दी हैं। नीरज चोपड़ा ने कहा, मैं अपनी भारतीय टीम को शुभकामनाएं देना चाहता हूं। बस अपना सौ प्रतिशत दें और अपने देश के लिए जितना संभव हो उतना प्रयास करें।

### टीम जर्सी से पाकिस्तान का नाम गायब, भड़के मोहसिन

**पालेकल (श्रीलंका)।** एशिया कप 2023 उस समय विवादों में आ गया जब भाग लेने वाली टीम की जर्सी से मेजबान पाकिस्तान का नाम गायब था। टूर्नामेंट की शुरुआत 30 अगस्त को मुल्तान में पाकिस्तान बनाम नेपाल के बीच मुकाबले के साथ हुई। जहां पाकिस्तान ने नेपाल को हरा दिया। अन्य टीम की जर्सी पर पाकिस्तान का नाम न होने के कारण पीसीबी भड़क गया है। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश की जर्सियों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं और प्रशंसकों ने इसे लेकर अपनी निराशा व्यक्त की है। पिछले संस्करण में एशिया कप के लोगो के नीचे श्रीलंका का नाम लिखा था, जबकि टूर्नामेंट संयुक्त अरब अमीरात में खेला जा रहा था क्योंकि श्रीलंका इसका मूल मेजबान था। इस साल एशिया कप 2023 की मेजबानी पाकिस्तान कर रहा है। जबकि भारत अपने सभी मुकाबले श्रीलंका की मेजबानी भी खेलेगा। पूर्व टेस्ट बल्लेबाज मोहसिन खान ने सवाल किया, ''इसका कोई भी मतलब नहीं है। फिर एसीसी ने एशियाई इमर्जिंग नेशंस कप या मलेशिया में जुलाई में आयोजित एशियाई अंडर-16 प्रतियोगिता के लोगो पर मेजबान देश का नाम क्यों दिया है।'' मोहसिन खान ने कहा, शायद बीसीसीआई अधिकारी को लगा कि एशिया कप के आधिकारिक लोगो पर पाकिस्तान के नाम वाली किट पहनना भारतीय टीम के खिलाड़ियों के लिए शर्मनाक होगा।

## हमारे ऊपर कोई अतिरिक्त दबाव नहीं : बाबर आजम

पालेकल (श्रीलंका), 1 सितम्बर

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने शुक्रवार को अपनी टीम पर दबाव की बातों को खारिज करते हुए कहा कि वे एशिया कप मैच में भारत के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए श्रीलंकाई परिस्थितियों के अपने अनुभव पर निर्भर होंगे।

पाकिस्तान ने जुलाई में श्रीलंका में दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेली थी और फिर उसके कई खिलाड़ी लंका प्रीमियर लीग़ (एलपीएल) में खेलने के लिए वहीं रूक गये थे जिसमें बाबर भी शामिल थे।

एलपीएल के बाद पाकिस्तान ने तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में अफगानिस्तान को 3-0 से हराया। बाबर ने कहा कि इस दौरे से उनकी टीम अच्छी स्थिति में है।

बाबर ने मैच पूर्व प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, ''हम यहां जुलाई से हैं। हमने टेस्ट मैच खेले, कुछ लीग (एलपीएल) मैच खेले और फिर वनडे (अफगानिस्तान के खिलाफ) खेले। हम उम्मीद कर रहे हैं कि कल भारत के खिलाफ इस अनुभव से हमें मदद मिलेगी। बाबर ने भारत-पाक मैच को लेकर होने वाले दबाव की बातों को खारिज करते हुए कहा कि वे बाहर की बातों के बजाय सिर्फ मैच पर ध्यान लगा रहे हैं।

उन्होंने कहा, ''कोई अतिरिक्त दबाव नहीं है। हां, भारत बनाम पाकिस्तान मैच हमेशा ही जज्बातों से भरा रहता है। लेकिन हमारे पास अनुभवी खिलाड़ी हैं और हमें सिर्फ अपनी मजबूती पर ध्यान लगाकर अच्छा करने की जरुरत है।''

हाल के समय में 'विराट कोहली बनाम बाबर आजम' क्रिकेट चर्चाओं का प्रिय विषय हो गया है लेकिन बाबर ने कहा कि वह पूर्व भारतीय कप्तान का सम्मान करते हैं।

बाबर ने कहा, ''मैं विराट कोहली का सम्मान करता हूं। वह मुझसे बड़े हैं और मैंने हमेशा उनका सम्मान किया है। जब मैंने खेलना शुरु किया था तो उनसे बात की थी और मुझे उनसे मदद मिली थी। मैं नहीं जानता कि बाहर के लोग किस बारे में बात करते हैं, इन बातों को उन्हीं पर छोड़ दीजिये।

## भारत के खिलाफ पाकिस्तान अंतिम एकादश में नहीं करेगा बदलाव

पालेकल (श्रीलंका), 1 सितम्बर

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि एशिया कप में शनिवार को भारत के खिलाफ होने वाले बहु-प्रतिक्षित मैच में उसकी अंतिम एकदश में कोई बदलाव नहीं होगा।

पीसीबी ने शुक्रवार को बताया कि भारत के खिलाफ भी वही टीम मैदान में उतरेगी जिसने इस टूर्नामेंट के शुरूआती मुकाबले में बुधवार को नेपाल को 238 रन से रौंदा था। पाकिस्तान ने बाबर (151) और इफ्तिखार अहमद (नाबाद 109) की शतकीय पारियों से 342 रन बनाने के बाद नेपाल की पारी को 104 रन पर समेट दिया था। भारत के खिलाफ मैच पूर्व संध्या पर बाबर से जब अंतिम एकादश के बारे में पूछा गया था तो उन्होंने कहा था कि पीसीबी इसकी घोषणा करेगी।

बाबर ने उम्मीद जतायी की टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाजों से उन्हें तथा इमाम उल हक और फखर जमां की तिकड़ी को मध्यक्रम के बल्लेबाजों से अच्छा साथ मिलेगा। उन्होंने कहा, '' हमारा शीर्ष क्रम पिछले कुछ समय से अच्छा कर रहा है। मध्यक्रम के बल्लेबाज अच्छा करने की कोशिश कर रहे है उम्मीद है कि वे भारत के खिलाफ ऐसा करने में सफल होंगे।

### पाकिस्तान अंतिम एकादश

बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान (उप-कप्तान), फखर जमां, इमाम-उल-हक, सलमान आगा, इफ्तिखार अहमद, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद नवाज, नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ।






## शास्त्री ने चेताया-पाकिस्तान को हल्के में मत लें

पालेकल (श्रीलंका), 1 सितम्बर

पूर्व भारतीय मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि रोहित शर्मा जैसा अनुभवी कप्तान किसी अन्य की तुलना में भारत-पाक मुकाबले के 'तनाव' को बखूबी समझता है लेकिन बाबर आजम की टीम को भी हल्के में नहीं लिया जा सकता क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में वह प्रदर्शन के मामले में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी से अंतर कम करने में कामयाब रही है।

भारत और पाकिस्तान शनिवार को एशिया कप के वनडे मैच में चार साल के बाद एक दूसरे के आमने सामने होंगे।

शास्त्री ने शुक्रवार को 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' से कहा, ''मैं कहूंगा कि भारत प्रबल दावेदार के तौर पर शुरुआत करेगा। 2011 के बाद से खिलाड़ियों के संयोजन को देखते हुए यह उनकी मजबूत टीम है। और कप्तान भी इतना अनुभवी है कि वह किसी अन्य की तुलना में इस प्रतिद्वंद्विता को बेहतर तरीके से समझता है।''

उन्होंने कहा, ''पर प्रदर्शन को देखा जाये तो पाकिस्तान ने अब अंतर कम कर लिया है। सात-आठ साल पहले अगर आप दोनों टीमों की मजबूती और खिलाड़ियों को देखो तो पहले इसमें काफी अंतर हुआ करता था। लेकिन पाकिस्तान ने अब इस अंतर को कम किया है। अब उनकी टीम काफी अच्छी है इसलिये उनके खिलाफ आपको अपने खेल में शीर्ष पर रहना होगा। पिछले दो दशकों के दौरान भारतीय टीम का पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबलों में पलड़ा भारी रहा है लेकिन शास्त्री चाहते हैं कि खिलाड़ी अपने दिमाग में खेल को लेकर अति उत्सुक (ओवर-हाइप) नहीं रहें।

शास्त्री ने कहा, ''यही अहम है, संयमित रहें और इसे एक अन्य मुकाबले की तरह लें। और दिमाग में अति उत्सुक नहीं रहें। आपका खेल वैसा ही होना चाहिए जैसा कि किसी अन्य मैच में होता। लेकिन इस अवचेतन मन के दबाव को देखते हुए मानसिक रूप से मजबूत खिलाड़ी ही सामान्यतः सही फैसला करते हैं।''

विराट कोहली ने बार बार यह दिखाया है कि वह पाकिस्तान के खिलाफ अपने खेल को ऊंचा किस तरह करते हैं और शास्त्री को लगता है कि अगर सत्र के दौरान मानसिक रूप से मजबूत खिलाड़ी खराब दौर से गुजर रहे होते हैं तो भी उनमें से कुछ बड़े मंच पर सही समय पर प्रतिस्पर्धी होकर वापसी करते हैं।

शास्त्री ने कहा, ''और भारत-पाक मैच से पहले कभी भी फॉर्म पर मत जाओ क्योंकि मानसिक रूप से मजबूत खिलाड़ियों ने भले ही छह महीने पहले ज्यादा कुछ नहीं किया हो लेकिन भारत-पाक मैच हो तो वे फॉर्म में आ जाते हैं।'' उन्होंने कहा, ''वे इस मैच की अहमियत समझते हैं, वे समझते हैं कि अगर वे अच्छा करते हैं तो इसका असर कहां पड़ सकता है। वे आत्मविश्वास से भरे होंगे। शास्त्री ने साथ ही बाबर आजम के वनडे में तेजी से रन जुटाने की प्रशंसा की जिनके नाम 104 मैचों में 19 शतक हैं।

### अनुभवी रोहित 'भारत-पाक' मैच के तनाव को बखूबी समझते हैं, लेकिन पाकिस्तान ने सुधार किया है: शास्त्री



उन्होंने कहा, ''वह (बाबर) इन 30 और 40 रन की शुरूआत को शतक में बदल देता है। और यह इतना महत्वपूर्ण है। हम कहते रहते हैं कि क्रीज पर जाकर काफी संख्या में गेंद खेलो लेकिन अगर आपके शीर्ष तीन खिलाड़ी सैकड़े बनाते हैं तो आपके 300 से ज्यादा रन बनेंगे।''

### शशि थरूर ने कहा-होगा मेन इन ब्लू विजयी



एशिया कप 2023 मेंभारत और पाकिस्तान के बीच जोरदार भिड़ंत से पहले कांग्रेस सांसद शशि थरूर नेकहा कि कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के बीच टक्कर कड़ी होगी लेकिन मेन इन ब्लू विजयी होगा। एशिया कप 2023 के पहले मैच में शनिवार को मेन इन ब्लू सामना पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम मेंपाकिस्तान से होगा। शशि थरूर ने एएनआई को बताया, 'मैंएक बड़ा प्रशंसक हूंऔर मुझे कल वह मैच देखना अच्छा लगता। सौभाग्य से या दुर्भाग्य से, जब मैच शुरू होगा तो मैं उस समय रोड शो पर रहूंगा। थरूर ने स्वीकार किया कि इस टूर्नामेंट में विपक्षी टीम एक अच्छी टीम है। शशि थरूर ने कहा, 'यह एक कठिन मैच है क्योंकि पाकिस्तान की टीम एक अच्छी

टीम है। वे पूरी ताकत से हैं, और दुर्भाग्य से हम अभी भी हमारे कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों से जूझ रहे हैं, लेकिन, फिर भी मुझेउम्मीद है कि हम अपना अच्छा हिसाब देंगे। यह एक करीबी मुकाबला होगा लेकिन हम कल शीर्ष पर आएंगे।


## हेडन ने रोहित से कहा-अफरीदी के शुरुआती तीन ओवरों में सावधानी बरते

**पालेकल।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन चाहते हैं कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा यूएई 2021 टी20 विश्व कप जैसे हालात से बचने के लिए पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी के पहले तीन ओवरों में सावधानी बरतें।

रोहित को टी20 विश्व कप में अफरीदी ने अंदर आती यॉर्कर गेंद पर बोल्ड किया था। वह इस मैच में खाता खोलने में विफल रहे थे। भारत को इस ग्रुप मैच में 10 विकेट से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा और टीम इस टूर्नामेंट में हार के सदमे से उबरने में नाकाम रही। हेडन का मानना है कि पाकिस्तान के इस लंबे कद के तेज गेंदबाज से निपटने का यही सही तरीका है। हेडन ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, ''आपको शाहीन अफरीदी के खिलाफ शुरू में सतर्कता बरतनी होगी। हाल ही में (टी20) विश्व कप (2021 में यूएई में) को याद करिये। शाहीन शुरुआती ओवरों में विकेट लेने में सक्षम थे हेडन ने भारतीय कप्तान को सलाह दी, ''हम उस गेंद को कभी नहीं भूलेंगे जो उन्होंने रोहित शर्मा को फेंकी थी, इसलिए उसके खिलाफ थोड़ी सावधानी बरतें। अगर यह स्विंग हो रही है, तो पहले तीन ओवर खेलने पर ध्यान दें।'' कोहली ने मैच में 49 गेंद में 57 रन बनाकर भारतीय पारी को संवारा था। टीम को हालांकि इस मुकाबले में 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

## हाथ मिलाया, गले मिले और काफी देर तक बात की

### पाकिस्तानी खिलाड़ियों से मिले कोहली



पालेकल (श्रीलंका), 1 सितम्बर

एशिया कप 2023 में भारत-पाकिस्तान हाई वोल्टेज मुकाबले से पहले दोनों देशों के खिलाड़ियों के खुशनुमा लम्हे सामने आए हैं। महामुकाबलें से पहले केंडी के पालेकल क्रिकेट स्टेडियम में दोनों टीमों के खिलाड़ी आपस में गर्मजोशी से मिलते नजर आए। इनमें कप्तान रोहित शर्मा के साथ अनुभवी बैटर विराट कोहली और मोहम्मद सिराज शामिल रहे। विराट कोहली पाकिस्तान के हारिस राऊफ, तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और ऑलराउंडर शाबाद खान से हाथ मिलते नजर आए। उन्हें गले भी लगाया और काफी देर तक बातचीत भी की। इस याराना का फोटो और वीडियो पीसीबी ने सोशल मीडिया में शेयर किया है। आगे पढ़िए प्रैक्टिस सेशन के दौरान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने विराट कोहली का पाकिस्तानी खिलाड़ियों से मिलने का वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में कोहली तेज गेंदबाज हारिस रऊफ से हाथ मिलाकर गले मिलते हैं और उनका हालचाल जानते हैं। कोहली रऊफ से पूछते हैं कि बॉडी ठीक है, इस पर जवाब देते हुए रऊफ कहते हैं कि ठीक है, लेकिन हालत खराब हो रही है बैक-टु-बैक मैच खेलकर। खासकर 50 ओवर का। इस पर कोहली कहते हैं हां, थोड़ी टफ हो जाता है। एक अन्य शॉट में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा पाकिस्तानी कैप्टन बाबर आजम और इनाम-उर-रहमान से हाथ मिलते हुए उनका हालचाल पूछते नजर आ रहे हैं। आगे मोहम्मद सिराज और हारिस रऊफ बातचीत करते दिखाई देते हैं।

